भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *133#
उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2026
8 श्रावण, 1948 (शक)

दरभंगा में खेलो इंडिया योजना

***133 # डा. धर्मशीला गुप्ताः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के दरभंगा तथा इसके आसपास के जिलों में खेल प्रतिभाओं की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद, वहाँ आधुनिक खेल अवसंरचना, बहुउद्देशीय इनडोर स्टेडियमों, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैकों तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के प्रशिक्षण केंद्रों का अभाव है; और

(ख) क्या खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत वर्तमान में दरभंगा जिले में संचालित खेल केंद्रों, खेल विधाओं, प्रशिक्षकों तथा लाभान्वित खिलाड़ियों के संबंध में जानकारी उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

दरभंगा में खेलो इंडिया योजना के संबंध में डॉ. धर्मशीला गुप्ता द्वारा दिनांक 30.07.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 133# के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, आधुनिक खेल अवसंरचना, बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के प्रशिक्षण केंद्रों सहित खेलों के विकास का मुख्य उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में पूरक की भूमिका निभाती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय बिहार राज्य के दरभंगा जिले सहित देशभर में खेलों के विकास हेतु निम्नलिखित स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है :

(i) खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं तथा उनके कोचों को नकद प्रोत्साहन;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; तथा
(ix) राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत बिहार राज्य के दरभंगा जिले सहित देशभर में उपलब्ध विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई), खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियां (केआईएए) तथा खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) और कोचों का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****